हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला | अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

छूटे एवं युवा मतदाताओं के नाम जोड़ने विशेष अभियान

मण्डला। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण के पश्चात छूटे हुए, पहली बार पात्र होने वाले एवं युवा मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में जोड़ने के लिए जिले में अक्टूबर माह के दौरान विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने अभियान को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। अभियान के तहत बीएलओ वर्तमान निर्वाचक नामावली का प्री-एसआईआर नामावली से मिलान कर छूटे मतदाताओं की सूची तैयार करेंगे। इसके बाद घर-घर भ्रमण कर संबंधित व्यक्तियों का सत्यापन करते हुए पात्र पाए जाने पर प्रपत्र-6 भरवाकर ऑनलाइन दर्ज कराया जाएगा। साथ ही पहली बार पात्र एवं युवा मतदाताओं के नाम जोड़ने की कार्रवाई भी की जाएगी। एसआईआर-2026 में विधानसभा क्षेत्र बिछिया से 12 हजार 655 निवास से 15 हजार 286 तथा मण्डला से 13 हजार 861 नाम एएसडीआर के अंतर्गत हटाए गए थे। त्रुटिवश हटे पात्र मतदाताओं को नाम जोड़ने का अवसर दिया जाएगा। मतदान केन्द्रों तथा स्कूल-कॉलेजों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। अभियान की दैनिक समीक्षा की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छूटे हुए, पहली बार पात्र होने वाले एवं युवा मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में जोड़ने के लिए जिले में अक्टूबर माह में विशेष अभियान चलाया जाएगा। 6 अक्टूबर तक बीएलओ प्री-एसआईआर एवं वर्तमान निर्वाचक नामावली का मिलान कर छूटे मतदाताओं की सूची तैयार करेंगे। 13 अक्टूबर तक बीएलओ घर-घर भ्रमण कर सत्यापन करेंगे तथा पात्र मतदाताओं से प्रपत्र-6 भरवाकर ऑनलाइन दर्ज करेंगे।

आर.ई.एस. निर्माण एजेंसी एक और कारनामा

4 माह भी नहीं हुआ और धसक गई पुलिया

*** मण्डला जनपद में भ्रष्टाचार चरम पर, जिम्मेदार भी हो सकते हैं शामिल।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



जनपद पंचायत मण्डला पूरी तरह से ठेके पर काम करती नजर आ रही है जनपद की अधिकांश पंचायतों में वे ठेकेदार काम कर रहे हैं जो या तो जनपद प्रतिनिधियों के करीबी है या फिर जिला पंचायत सदस्यों के रिश्तेदार।

खबर तो यहां तक भी है कि जनपद के उपाध्यक्ष ही विभिन्न नामों से जनपद पंचायत मण्डला में निर्माण कार्य करा रहे हैं और ऐसा पहली बार नहीं है जब से ये पद पर काबिज हुये हैं तब से ही इनका गोरख धंधा इसी तरह चल रहा है नाम किसी और ठेकेदार का होता है लेकिन निर्माण कार्य इन्हीं के द्वारा संपादित हो रहा है इनके साथ-साथ जिला पंचायत सदस्य भी कुछ पीछे नहीं है ये भी अपने रिश्तेदारों के नाम से करोड़ों के निर्माण कार्य संपादित करा रहे हैं नाम तो संबंधित पंचायत का होता है लेकिन कार्य इन्हीं के द्वारा पूर्ण किया जा रहा है।



अब जब जिम्मेदार पदों पर बैठे जनप्रतिनिधि ही ठेकेदार बन बैठें हों तो फिर संबंधित एजेंसी के अधिकारियों की तो चांदी ही चांदी है और इसी का भरपूर फायदा उठा रहे हैं आर.ई.एस. के अनुविभागीय अधिकारी आदित्य पाण्डे। इनके कार्यकाल में जो निर्माण कार्य हुये हैं अथवा प्रगति पर हैं इन निर्माण कार्यों की भौगोलिक स्थिति देखकर ही समझा जा सकता है कि कितने व्यापक स्तर पर इन निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

पंचायत से लेकर जनपद और जिला तक जब जिम्मेदार ही भ्रष्टाचार में लिप्त हैं तो फिर काहे की पारदर्शिता और किस बात की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाये।

विभिन्न निर्माण कार्यों में मिलजुलकर तबीयत के साथ भ्रष्टाचार किया जा रहा है आवंटित राशि का आधे से ज्यादा पैसा आपस में ही बांट लिया जा रहा है निर्माण कार्यों में मुश्किल से एक चौथाई राशि ही उपयोग हो रही है अब ऐसे में गुणवत्ता कहां तक कायम रहेगी।

भ्रष्टाचार का ही स्पष्ट प्रमाण है कि 04 माह पूर्व बनाई गई पुलिया धसक रही है और ऐसे स्थान पर जहां पर कि भारी वाहनों की आवाजाही भी नहीं है साधारण से कांक्रीट की संरचना कई वर्षों तक काम करती है लेकिन इन पुलियों में कौन सी तकनीक इस्तेमाल की जाती है कि 2-4 महीनों के बाद ही इन पुलियों में हुआ कांक्रीटकरण दम तोड़ देता है क्या संबंधित अधिकारी उस दौरान उपस्थित रहते हैं जब सीमेंटीकरण का काम होता है, क्या पंचायत के प्रतिनिधि वहां मौजूद होते हैं, क्या जनपद एवं जिले के प्रतिनिधि इन निर्माण कार्यो की देखरेख करते हैं अगर नहीं तो फिर ऐसे निर्माण कार्य तो इसी तरह संपादित होते रहेंगे।

इसका दूसरा पहलू यह भी है कि जब घर बैठे आपके हिस्से की राशि आपको आसानी से प्राप्त हो रही है तो फिर आप निर्माण कार्य स्थलों तक जाने का श्रम क्यों करेंगे और इसी का परिणाम है कि ठेकेदार या ठेकेदारों के रिश्तेदार लगातार गुणवत्ताहीन काम कर लाखों रूपये कमा रहे हैं परेशानी तो उन ग्रामवासियों को होना है जिनके क्षेत्र में इस तरह के कार्य संपादित हो रहे है।

ज्वेलरी निर्माण प्रशिक्षण का शुभारम्भ



*** शास. महाविद्यालय बम्हनी बंजर में सी.डी.वी.डी. संस्था देगी प्रशिक्षण।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से शासकीय कला महाविद्यालय बम्हनी बंजर में ज्वेलरी निर्माण का प्रशिक्षण का शुभारम्भ माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद कि फोटो में माल्यापर्ण कर प्रशिक्षण का शुभारम्भ प्राचार्य के द्वारा किया गया, प्राचार्य डॉ. करुणा नेमा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में हर इन्सान अपने आपको सुन्दर दिखने की होड़ में लगा है इस प्रशिक्षण से आपको रोजगार का एक अच्छा माध्यम मिलेगा। डॉ. कुंती बराठे ने बताया कि यह प्रशिक्षण स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ के अंतर्गत किया जा रहा है यह अल्पावधि रोजगार प्रशिक्षण है जिसमे लगभग चालीस छात्राए हिस्सा ले रही है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. एस.पी. झारिया ने ज्वेलरी निर्माण विषय को वर्तमान का बड़ा रोजगार का साधन बताया। प्रशिक्षण संस्था सेंटर ऑफ़ डिस्कवरी फॉर विलेज डेवलपमेंट [सी.डी.वी.डी.] संस्था के डायरेक्टर निशार कुरैशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के समय में सभी को सरकारी नौकरी मिलना मुश्किल है इस लिए विभाग कि मंशा है कि स्टूडेंट पढाई के साथ साथ ऐसे प्रशिक्षण से स्व-रोजगार के लिए प्रेरित हो और भविष्य में अपने रोजगार कि दिशा तय कर सके। डॉ. रियंका पटेल ने अपने उद्बोधन में सभी उपस्थित छात्राओ को प्रशिक्षण लेकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. मनीष लांजेवार ने अपने विचार प्रकट किये। डॉ. रणजीत भालेकर ने उद्घाटन कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए प्रकोष्ठ प्रभारी आयुष हरदाह ने प्रशिक्षण की रूप रेखा प्रस्तुत की ओर बताया कि इस प्रशिक्षण में चालीस से पचास छात्र छात्राएं हिस्सा लेंगी, मुख्य प्रशिक्षक के रूप में श्रीमती भूमिका पटेल ने प्रशिक्षण देने का कार्य करेंगी एवं सहायक प्रशिक्षक के रूप में श्रीमती बिंदु बैरागी रहेंगी। यह प्रशिक्षण पचास से पचपन घंटे दिया जाएगा दिवसीय होगा।

स्व-सहायता समूह से जुड़कर दुर्गेशनंदनी ने संवारी आजीविका, बढ़ी आर्थिक आत्मनिर्भरता

मण्डला। मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर ग्राम डोंगरमंडला की श्रीमती दुर्गेशनंदनी ने अपनी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव लाने की मिसाल पेश की है। वे वर्ष 2014 से ओम शांति आजीविका स्व-सहायता समूह से जुड़ी हैं। समूह से जुड़ने से पहले आर्थिक संसाधनों के अभाव में परिवार को जीवन-यापन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। समूह से जुड़ने के बाद दुर्गेशनंदनी ने नियमित बचत और समूह से प्राप्त ऋण राशि का उपयोग अपनी आजीविका गतिविधि को बढ़ाने में किया। उन्होंने किराना दुकान का संचालन एवं विस्तार किया। साथ ही अपने पति को गल्ला व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए प्रेरित किया। पति के व्यवसाय के लिए घुघरी में दो दुकानें किराये पर लेकर परिवार ने आय के अतिरिक्त स्त्रोत विकसित किए। वर्तमान में किराना दुकान से उनकी व्यक्तिगत आय लगभग 10 हजार रुपये प्रतिमाह है। आजीविका के साधनों में वृद्धि से परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। इसका सकारात्मक प्रभाव बच्चों की शिक्षा और परिवार के सामाजिक सम्मान पर भी पड़ा है। दुर्गेशनंदनी बताती हैं कि स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनमें आत्मविश्वास बढ़ा और उन्हें गांव से बाहर जाकर नई जगहों को देखने तथा नई जानकारियाँ प्राप्त करने के अवसर मिले। दुर्गेशनंदनी की कहानी ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में स्व-सहायता समूहों की भूमिका को रेखांकित करती है। बचत, समूह ऋण और आजीविका गतिविधियों के माध्यम से उन्होंने न केवल अपनी आय का साधन मजबूत किया, बल्कि परिवार के जीवन स्तर में भी सकारात्मक बदलाव लाया है।

संयुक्त संचालक मत्स्य ने मत्स्य बीज प्रक्षेत्र कटरा का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



संयुक्त संचालक मत्स्य, जबलपुर संभाग गिरीश मेश्राम ने मत्स्य विभाग के कार्यालय एवं मत्स्य बीज प्रक्षेत्र कटरा का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय कार्यों तथा मत्स्य बीज उत्पादन की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद श्री मेश्राम ने क्षेत्र के प्रगतिशील मत्स्य कृषकों की इकाइयों का भ्रमण किया। उन्होंने ग्राम कोन्डरा के मत्स्य कृषक आदित्य साहु की बायोफ्लॉक इकाई तथा ग्राम जंतीपुर के धनंजय पटेल की पॉण्ड बायोफ्लॉक इकाई का निरीक्षण किया। इस दौरान कृषकों से मत्स्य पालन, उत्पादन, प्रबंधन, लागत एवं आय की जानकारी प्राप्त की तथा बायोफ्लॉक तकनीक के बेहतर उपयोग के संबंध में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर मत्स्य कृषक कम क्षेत्रफल एवं सीमित जल संसाधनों में अधिक उत्पादन प्राप्त कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। विभाग द्वारा कृषकों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।



"सेवा सेतु अभियान" के तहत "सरकार आपके द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मण्डला में मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित "सेवा सेतु अभियान" के अंतर्गत "सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत गाँव की बेटी योजना की छात्रवृत्ति से संबंधित समस्याओं के निराकरण एवं विद्यार्थियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु दिनांक 05 अक्टूबर 2026 को महाविद्यालय में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य गाँव की बेटी योजना के अंतर्गत पात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना, आवेदन प्रक्रिया में आने वाली कठिनाइयों का निराकरण करना तथा लंबित प्रकरणों के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। शिविर में छात्राओं को योजना की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, आवेदन एवं सत्यापन प्रक्रिया तथा छात्रवृत्ति से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा उनकी समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। छात्राओं को शासन की विभिन्न छात्रवृत्ति एवं विद्यार्थी हितैषी योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी प्रेरित किया गया। महाविद्यालय प्रशासन ने कहा कि "सरकार आपके द्वार" जैसी पहल का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सरल, सुगम एवं पारदर्शी तरीके से पहुँचाना है। इस प्रकार के विशेष शिविर विद्यार्थियों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ टी.पी.मिश्रा ने अपने उद्बोधन में गॉव की बेटी योजना की जानकारी प्रदान की, छात्रवृत्ति के नोडल अधिकारी डॉ पी.एल. झारिया, ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर डॉ एस.एस.ज्योतिषी, डॉ एस.आर.बघेल, डॉ अर्जुन सिंह बघेल, डॉ राजेश धुर्वे, डॉ अनीता झारिया, डॉ अनुपमा कुजूर, डॉ संध्या डेहरिया, डॉ अरविन्द ठाकुर, डॉ कृष्णा सरैया एवं अन्य प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं।

चुनौति | **पान की खेती को प्रोत्साहित करने प्रफुल्ल मिश्रा की पहल पर मुख्यमंत्री ने की घोषणा।**

क्या हिरदेनगर में रोशन हो सकेंगे पान के बरेजे

*** बदलती भौगोलिक स्थिति बनेगी बड़ी चुनौति।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंडला प्रवास के दौरान संवाद कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने अपने गृह ग्राम हृदयनगर में पान की खेती को पुनः विकसित करने को लेकर मुख्यमंत्री ने महत्वपूर्ण घोषणा की। मुख्यमंत्री की इस घोषणा से हृदय नगर सहित मंडला जिले में पान के पारंपरिक व्यवसाय को नई पहचान और स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलने की उम्मीद है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष हृदय नगर में पान की खेती के गौरवशाली इतिहास और वर्तमान स्थिति का विषय प्रमुखता से रखा। उन्होंने बताया कि हृदयनगर क्षेत्र में पूर्व में बड़ी संख्या में पान के बरेजे हुआ करते थे और चौरसिया समाज का पारंपरिक व्यवसाय पान की खेती एवं व्यापार रहा है। संसाधनों की कमी, विशेषकर बांस उपलब्ध नहीं होने के कारण अब यहां गिने-चुने बरेजे ही बचे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने मुख्यमंत्री को पान की बेल का पौधा भेंटकर मंडला में पान की खेती को पुनर्जीवित करने की मांग रखी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विषय की गंभीरता को समझते हुए मंडला जिले में पान की खेती को विकसित करने की घोषणा की, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ें और पारंपरिक व्यवसाय को पुनर्जीवन मिल सके। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद चौरसिया समाज और पान व्यवसाय से जुड़े लोगों में उत्साह है। स्थानीय व्यवसायियों का कहना है कि वर्तमान में मंडला में पान की आपूर्ति के लिए पश्चिम बंगाल, कोलकाता सहित नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी और उमरिया जैसे क्षेत्रों पर निर्भर रहना पड़ता है। मंडला में ही पान की खेती विकसित होने से स्थानीय स्तर पर पान की उपलब्धता बढ़ेगी और इससे किसानों, बरेजा संचालकों तथा पान व्यवसाय से जुड़े लोगों को आर्थिक लाभ मिलेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा की पहल को चौरसिया समाज और पान व्यवसायियों द्वारा सराहा जा रहा है। लंबे समय से विलुप्त होती जा रही पारंपरिक पान खेती को पुनः स्थापित करने की दिशा में मुख्यमंत्री के समक्ष विषय रखना और उसे घोषणा तक पहुंचाना क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके, मंडला प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला महामंत्री नरेश चंद्रौल सहित भाजपा के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शासकीय कला महाविद्यालय की छात्रायें बनी ज्वेलरी मेकिंग एक्सपर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा प्रायोजित एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन के तहत शासकीय कला महाविद्यालय बम्हनी बंजर में पच्चीस दिवसीय आर्टिफिसियल ज्वेलरी निर्माण का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रभारी प्राचार्य ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण उद्घाटन कार्यक्रम को प्रारंभ किया। प्रभारी प्राचार्य एस पी झरिया ने अपने उद्बोदन में कहा की इस प्रशिक्षण में ज्वेलरी मेकिंग एक्सपर्ट के रूप में आप तैयार हुए है इस कार्य से निरंतर आगे बढ़ते रहिये। डॉ. कुंती बराठे ने सभी छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए बधाई डी और कहा कि रोजगार की ये पहली शीडी थी अब आप इसको अपने रोजगार के रूप में उपयोग करे। डॉ विवेक कुमार जायसवाल ने अपना मार्गदर्शन देते हुए अनेक उदहारण से छात्राओं का मनोबल बढाया। प्रशिक्षण संस्था सेंटर ऑफ़ डिस्कवरी फॉर विलेज डेवेलपमेंट संस्था के डायरेक्टर निशार कुरैशी ने अपने अनुभव और प्रशिक्षण से होने वाले लाभ को बताते हुए कहा की संस्था आपको बाज़ार व्यवस्था में सहयोग प्रदान करेगी। अल्पावधि रोजगार प्रशिक्षण के प्रकोष्ठ प्रभारी आयुष हरदहा ने बताया की चालीस छात्राए ज्वेलरी मेकिंग में ईक्स्पर्ट के रूम में हमारे सामने है प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है की छात्राए पढाई के साथ साथ स्व रोजगार के बारे में जाने एवं सीखे। रंजीत भालेकर एवं रियांका मैडम ने कहा कि प्रशिक्षण में जो विषय चुना गया था उस कार्य की सराहना की भविष्य में किये जाने वाले कार्य पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण समापन समारोह में छात्राओं के द्वारा बने गई ज्वेलरी का प्रदर्शन किया गया जिसे बाकि छात्राओं ने भी बहुत सराहा। मास्टर ट्रेनर्स श्रीमती भूमिका पटेल ने प्रशिक्षण एवं सफलते के लिए केसे कार्य करे इस विषय पर अपनी बात रखी। प्रशिक्षित छात्राओं में सुश्री दीपांशी एवं मुस्कान ने अपने अनुभव को बताते हुए कहा की संस्था ने हमें इस प्रशिक्षण से स्व रोजगार की प्रेरणा दी और हम इस कार्य को करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार प्रकट प्रशिक्षण प्रभारी के द्वारा किया गया। अंत में सभी प्रशिक्षित छात्राओं को सीडीवीडी संस्था के द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किये गए। पुष्पराज सिंह ने सभी का आभार प्रदर्शन किया।

खबर संक्षेप

नगर के वार्डो में घुस रहे भारी ट्रक व डम्फर से नगरवासियों की जिन्दगी खतरे में?

गाडरवारा। नगर की मुख्य सड़क आमगांव नाका से स्टेशन तक भारी वाहनों के दवाव के चलते लाखों रूपया की लागत से वायपास रोड का निर्माण किया गया है। वही दूसरी ओर नगरवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर नो एन्ट्री भी लागू की गई है? मगर इसके बाद यदि भारी वाहन नगर के वार्डो में ही प्रवेश करने लगे तो नगरवासियों की जिन्दगी कहा तक सुरक्षित रह सकती है? इस बात की मिशाल इस समय नगर के अनेक वार्डो में दिखाई दे रही है। नगर के अनेक वार्डो में रेत गिट्टी सहित अन्य सामग्री लेकर खुलेआम में भारी भरकम डम्फरों व ट्रको की आवाजाही जाई से जहां नगरपालिका द्वारा आमजन की सुविधा के लिए बनाई गई सड़के टूट रही है। वही दूसरी ओर यहां के लोगों की जिन्दगी पूर्णरूप से खतरे में दिखाई पड़ रही है? मगर प्रशासन की उदासीनता के चलते यदि इस प्रकार से भारी वाहन नगर की सकरी कुलियों में प्रवेश करते रहे तो निश्चित तौर से जहां नगरपालिका की सड़कों को क्षति पहुंचाएगे? और किसी दिन कोई बड़ी दुघर्टना को अंजाम देने से भी नही चुकेगे? मगर पता नही प्रशासन किसी बात का इंतजार कर रहा है कही ऐसा तो नही की कोई बड़ी घटना के बाद ही प्रशासन की नीद खुलेगी?

नियमों का पाठ पढ़ाने वाली ही तोड़ रहे नियमों की धज्जियां

गाडरवारा। शासन द्वारा हर विभाग में अलग अलग नियम बनाते हुए उनका पालन करना सभी के लिए अनिवार्य किया गया है, इसी प्रकार से रेल विभाग द्वारा बनाये गये नियमों का पालन करने के लिए आये दिन सख्त हितायत देते हुए नियमो को तोड़ने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही का भी प्रावधान बनाया गया है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो बगैर किसी ठोस कारण के ट्रेन को रोकने व रेल पटरी पार करने सहित रेल विभाग के अन्य नियम बनाये गये है और यदि कोई इन नियमों का पालन नही करता है तो रेल विभाग द्वारा उसके व्यक्ति विशेष के खिलाफ कार्यवाही करते हुए दंडित भी किया जाता है? मगर अब सबाल यह उठता है कि जब नियमों का पालन कराने के लिए आम लोगों को पाठ पढ़ाने वाले ही उन नियमों की धज्जियां उड़ाने लगे तो फिर आम पब्लिक से क्या उम्मीद की जा सकती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते दिवस उस समय देखने मिली जब स्थानीय रेल्वे स्टेशन पर कुछ वर्दीधारी ही नियमों को दर किनार करते हुये खुलेआम रेल पटरी पार करने से नही चूक रहे थें इस सच्चाई को देखकर लोग यह बात कहने से नही चूक रहे थें कि क्या रेल विभाग द्वारा बनाये गये नियम मात्र आम जनता के लिए ही होते है...? क्योंकि जब हम रेल्वे स्टेशन पर पहुंचते है तो वहां पर लगे हुये स्पीकरों से यह सूचना आये दिन सुनते है कि पैदल रेल पटरी पार करना नियम विरूद्व है और यदि कोई व्यक्ति पैदल रेल पटरी पार करता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जावेगी, वही दूसरी ओर जिस प्रकार से विभाग के ही अधिकारियों व बर्दीधारी ही खुलेआम रेल पटरी पैदल पार करते हुए देखा गया तो लोग यह बात कहने से नही चूक रहे थें कि नियम सिर्फ आम जनता के लिये होते है विभाग के अधिकारी व कर्मचारी कुछ भी करते हुये उन्हें सभी प्रकार की छूट प्रदान की जाती है?

नवरात्र पर्व शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिये पुलिस थाना प्रागंण में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक

पंचमी से वाहनों पर तो विसर्जन के दौरान डीजे पर रहेगा पूर्ण रूप से प्रतिबंध, मात्र तीन दिन के अंदर अनिवार्य रूप से करना होगा प्रतिमाओं का विसर्जन- नपा अध्यक्ष मिश्रा





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। आने वाले रविवार यानि की 11 अक्टूबर से शुरू हो रहे नवरात्र को लेकर जहां माँ भवानी की आराधना करने के लिये लोगों में उत्साह देखने मिल रहा है तो दूसरी ओर दुर्गा समितियों द्वारा जहां पंडाल बनाने की तैयारियां की जा रही है। इस बार देखा जा रहा है कि सभी प्रकार से प्रतिबंधों से मुक्त पड़ रही नवरात्र के इस पर्व को लेकर प्रशासन की भूमिका सख्त नजर आने से नही चूक रही है । इसी के चलते अधिकारियों द्वारा बीते हुये सोमवार को स्थानीय पुलिस थाना प्रागंण नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा की अध्यक्षता तथा अनुविभागीय अधिकारी प्रगति वर्मा की विशेष मौजूदगी में नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान द्वारा शांति समिति की बैठक का आयोजन करते हुये जरूरी दिशा निर्देश दिये गये है। इस बैठक में नवरात्र पर्व के दौरान देवी दर्शनों के लिये उमड़ने वाली भीड़ की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन के अधिकारियों द्वारा आमजन से सुझाव मांगते हुये जरूरी दिशा निर्देश दिये गये। वही प्रशासन द्वारा नवरात्र के आयोजन को लेकर बनाई गई रूपरेखा से अवगत कराते हुये कहा कि नवरात्र त्यौहार पूर्णरूप से आस्था का त्योहार है शांति पूर्वक संपन्न होना चाहिये। इसी के चलते अधिकारियों द्वारा नवरात्र को लेकर अनेक मुद्दो पर चर्चा करते हुये निर्णय लिया गया कि नगर में स्थापित होने वाली प्रतिमाओं के लिये तैयार किये जाने वाले पंडाल इस तरह से लगाये जावे जिससे भगवान न करे की इस तरह की स्थिति बने जिसमें फायर विग्रेड मशीन को शहर के अंदर ले जाने में परेशान होना पड़े। वही दूसरी ओर सभी दुर्गा समितिया बिजली विभाग से अस्थाई कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करे। रात के समय देवी दर्शन करने के लिये उमड़ने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुये नवरात्र की पंचमी से रात 8 बजे से अंदर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी जावेगी। वही व्यवस्था बनाने के लिये जहां मुख्य स्थानों पर पुलिस बल के साथ साथ दुर्गा समितियों की लोगों को तैनात किये जावेगे जो पुलिस की मदद के लिये तैनात रहेगे। वही दूसरी ओर हर वर्ष देखा जाता है कि जब दुर्गा दर्शन के लिये सड़को पर भीड़ रहती है तो कुछ तत्वों द्वारा पुग्गी लेकर भीड़ के बीच सामूहिक रूप से तेज आवाज में उतपात मचाते है। इस तरह के लोगों पर विशेष नजर रखी जावेगी। क्योंकि मा. उच्च न्यायालय द्वारा डीजे के उपयोग पर पूर्णरूप से प्रतिबंध लगाया गया है इस स्थिति में डीजे का उपयोग करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। क्योंकि डीजे की तेज आवाज के चलते अन्य शहरों में आये दिन घटनाओं की खबर सुनाई देने से नही चूक रही है। इस प्रकार से प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान डीजे प्रतिबंधित रहेगा। सिर्फ छोटे वाहन पर चार वक्से कम आवाज के बीच चला सकते है। यदि किसी बडे वाहन पर वक्से चलते हुये पाये जाते है तो कार्यवाही की जावेगी। वही दूसरी ओर हर वर्ष देखा जाता है कि नवरात्र के पहले दिन से ही सुबह 4 बजे से महिलाओं द्वारा देवी मंदिरों पर जल ढारने के लिये भीड़ उमड़ना शुरू हो जाता है जिसके चलते हर मंदिर पर महिला पुलिस कर्मियों की डियूटी लगाई जावेगी। वही दूसरी ओर शहर की सड़को पर भ्रमण करने वाली पशुओं के लिये नगर पालिका द्वारा विशेष हांका टीम के माध्यम से शहर के बाहर यानि की गौशाला में पहुंचाया जावेगा। वही नवरात्र समापन के बाद देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिये नगर पालिका प्रशासन द्वारा शक्कर नदी में पूर्व के वर्षो की भांति जो विसर्जन कुंड बनाया जावेगा उसमें ही सभी प्रतिमाओं का विसर्जन किया जावेगा। मगर विसर्जन जुलूस के दौरान अस्त्र शस्त्रो सहित डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुये नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा कहा गया कि नगर पालिका द्वारा देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिये हर साल की भांति कुंड का निर्माण किया जावेगा। उसी कुंड में प्रतिमाओं का विजर्सन किया जावेगा। मौके पर नगर पालिका की टीम मौजूद रहेगी। दुर्गा समिति के सदस्य अपनी अपनी प्रतिमाओं का पूजन करने के बाद नपा के नैतान लोगों को प्रदान करेगी और वह प्रतिमाओं का विसर्जन करेगे। वही नपा अध्यक्ष मिश्रा द्वारा कहा कि हर वर्ष देखा जाता है कि नगर में स्थापित होने वाली प्रतिमाओं का विसर्जन अपने मन के मुताबिक चार पांच दिनों तक किया जाता है। जब माँ भवानी का हवन हो जाता है तो उन्हें इस तरह रोककर रखना जहां धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने से नही चूकती है और दूसरी ओर प्रशासन के अधिकारी भी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिये व्यवस्था बनाने में पांच पांच तक लगे रहते है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुये नपा अध्यक्ष द्वारा सभी समितियो से कहा कि इस वर्ष देवी प्रतिमाओं का विसर्जन दशहरा के बाद दो दिन कुल मिलाकर तीन दिन के अंदर करना होगा। वही दूसरी ओर प्रतिमाओं के विसर्जन हो या फिर नवरात्र के दौरान यदि कोई भी व्यक्ति शराब का सेवन करते हुये आंतक मचाते हुये पाया जाता है तो पुलिस उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही करेगी। क्योंकि इससे व्यवस्था बिगड़ जाती है। इसी के चलते अधिकारियों द्वारा सभी समितियों को स्पष्ट रूप से निर्देष देते हुये कहा कि देवी विसर्जन के दौरान कोई भी शराब का सेवन करके नही जावेगा। यदि किसी भी प्रतिमा विसर्जन के दौरान शराब का सेवन किये हुये पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जावेगी। वही प्रतिमाओं के विसर्जन के लिये नपा द्वारा जिस कुंड का निर्माण किया जावेगा सभी प्रतिमाओं का विसर्जन उसी कुंड में किया जावेगा। इस मौके पर गनर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान द्वारा बताया कि नगर में जहां तहां गुप्त केमरे स्थापित है उनको नवरात्र पर्व आने के पहले पूर्णरूप से ठीक कराते हुये केमरों के माध्यम से नजर रखी जावेगी।इस बैठक में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा के आलवा भाजपा नेता राव संदीप सिंह, एसडीएम प्रगति वर्मा, नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान, तहसीलदार राय, बिजली विभगा के अधिकारी ओझा, लोक निर्माण विभाग के आलवा नगर पालिका से जयंत ब्राऊन सहित नगर के गणमान्य लोग व दुर्गा समितियों के सदस्यों की मौजूदगी रही।

संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन, कलश यात्रा मे झुमकर नाचे



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। चल रहे श्राद्ध पक्ष के पावन अवसर पर समस्त पितृजनों के मोक्ष एवं कल्याण हेतु नगर के बोदरी रोड स्थित माँ अन्नपूर्णा मंदिर के सामने भव्य संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन संपन्न होने जा रहा है। बताया जाता है कि इस धार्मिक आयोजन शुभारंभ पर नगर के जगदीश मंदिर से कथा स्थल तक भव्य और विशाल कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा मे ढ़ोल बाजे की धुन पर श्रद्धालु भगवान की भक्ति मे झूमते नजर आये। विदित हो कि प्रतिदिन कथा का वाचन शाम 3 बजे से 6 बजे तक वृंदावन धाम से पधारे सुप्रसिद्ध भागवताचार्य अभिमन्यु कृष्ण महाराज द्वारा किया जाएगा।आयोजन समिति ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान के संरक्षक श्री हनुमान जी महाराज एवं मां नर्मदा मैया हैं। कथा विश्राम एवं प्रसादी 10 अक्टूबर को होगी। आयोजकों ने समस्त श्रद्धालु भक्तजनों से अनुरोध किया है कि वे तन, मन एवं धन से सहयोग कर इस पुण्य कार्य के सहभागी बनें और कथा में उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाएं।

सेवा संकल्प अभियान के तहत गोटीटोरिया में आयाजित हुआ आयुष स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष औषधालय ग्राम गोटीटोरिया में आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस तरह जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम गोटीटोरियों में आयोजित किये गये इस शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक आयुष चिकित्सा परामर्श एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। आयोजित शिविर के दौरान कुल 46 नागरिक लाभान्वित हुए। आयुष चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा नागरिकों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया तथा आयुष पद्धति के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में भी जानकारी दी गई।



शहर की शक्कर नदी में पितृपक्ष के दौरान पुरखों को जल तर्पण करते हुये लिया जा रहा है आर्शीवाद

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। स्नानदान पूर्णिमा से शुरू हुये पितृ पक्ष के चलते शहर की शक्कर नदी सहित माँ नर्मदाजी के तटों से लेकर गांव गांव नदियों में लोगों द्वारा प्रतिदिन सुबह से ही अपने पूर्वजों को जल तर्पण श्रद्वा के साथ अपने पितरों की शांति के लिए श्राद के कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। इसी के चलते शहर की शक्कर नदी में प्रतिदिन सुबह बड़ी संख्या में में लोग पहुंचकर विद्यवान पंडितों के मार्ग दर्शन में द्वारा हिन्दू संस्कृति सहित मंत्रोच्चारण करते हुए लोगों से उनके पितरों को जल आर्पित कराते हुए उन्हे पितरों का आशीवांद दिला रहे है जिसके चलते लोग अपने पूर्वजों को याद करते हुये जल तर्पण कर रहे है। ज्ञात हो कि मनुष्य पर आजीवन देव, ऋषि, पितरों का ऋण रहता है जिसे चुकाना भारत के धर्मशास्त्रों के अनुसार अनिवार्य है। इन ऋणों से मुक्ति के लिए हिन्दू धर्म में सोलह श्राद्व करने का विधान भी है, जिसका पालन समर्पित भावना से सनातन हिन्दू धर्म को मानने वाला हर व्यक्ति करता है। इस प्रकार श्राद्व और तर्पण करने से पितरों को तृप्ति मिलती है। पूरे विधि विधान से अपने पितरों को तर्पण करने से एवं श्राद्व से व्यक्ति को पितृ दोष मुक्त होते है तथा अनेक प्रकार के कष्टों से निजात मिलती है। इसी के चलते इस समय चल रहे पितृपक्ष के दौरान सोलह श्राद्व पितृ पक्ष में मांगलिक कार्यो पर विराम लगने के दौरान लोग अपने पितरों की याद में खोये हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर बड़ी संख्या में ग्राम के लोग ऊमर नदी पहुंच कर नदी में स्नान करने के उपरांत पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच सुबह कुशा, दूध, पानी, तिल, फूल के साथ पितरों को जल तर्पण करते हुये उन्हें याद किया जा रहा है, पितृ पक्ष को लेकर विद्वमान पंडितों ने जानकारी देते हुए बताया है कि पितृ दोष व्यक्ति का जीवन पूरी तरह तबाह कर सकता है। ऐसे व्यक्ति के हर काम में बाधा आती है और पारिवारिक जीवन में खुशी की कमी होती है और वह परेशानियों से घिरा रहता है, जिसके चलते हिन्दू धर्म के मुताबिक सभी को अपने पूर्वजो को याद किया जाता है।



नवरात्र की तैयारियों में जुटी दुर्गा समितियाँ तो कलाकार दे रहे मातारानी को स्वरूप

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। निश्चित तौर से देखा जावे तो शारदेय नवरात्र के लिये चंद दिन शेष रहने के कारण जहां नगर में स्थापित होने वाली प्रतिमाओं को लेकर दुर्गा समितियों द्वारा अभी से अपने अपने पंडाल बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई तो दूसरी ओर प्रतिमाओं का निर्माण करने वाले कलाकारों द्वारा भी माता रानी के लिये सुन्दर रूप देने के लिये दिन रात काम करते हुये देखा जा रहा है। ज्ञात हो कि नगर में जहां 50 से 60 स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना होती है तो दूसरी ओर आसपास के गांवों के लिये भी गाडरवारा में निर्मित होने वाली प्रतिमाये ले जाते हुये उनकी स्थापना की जाती है। इसी के चलते दुर्गा प्रतिमाओं का निर्माण करने वाले कलाकारों द्वारा एक माह पहले से ही इनका निर्माण कार्य शुय कर दिया जाता है जिसके चलते समय पर समितियों को उपलब्ध कराया जा सके।



सीतारेवा नदी पुल के गड्ढो से निकल रही लोहे की राडे दे रही बड़ी दुर्घटना का आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज/चीचली। अक्सर देखा जाता है कि प्रशासन में बैठे हुये अधिकारियों द्वारा जिस तरह सच्चाई को नजर अंदाज किया जाता है वह निश्चित तौर से एक बड़ी घटना का कारण बनने से नही चूक पता है? वही जब कोई बड़ी घटना घटित हो जाती है तो बाद में जिम्मेदार नेताओं से लेकर अधिकारियों द्वारा उस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुये अपनी कुंभकर्णीर निंद्रा को भंग करते हुये उसके सुधार को लेकर प्रयास करना शुरू करते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के समीप सीतारेवा नदी पर बना हुआ पुल जो क्षेत्र के एनटीपीसी पावर प्लांट से लेकर अन्य गांवों को चीचली से जोड़ता है और इस पुल के ऊपर से प्रतिदिन दर्जनों गांवों के हजारों लोगों का चीचली आना जाना होता है। बताया जाता है कि इस पुल के ऊपर निकले हुये गड्ढो से इस समय लोहे की राडे निकलते हुये एक बड़ी घटना की ओर संकेत देते हुये देखे जाने के बाद भी उनके सुधार को लेकर न तो प्रशासन द्वारा कोई कदम उठाना उचित समझा जा रहा है और न ही क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा इस ओर ध्यान दिया जा रहा है इस तरह इस पुल की अनदेखी किसी दिन बड़ी घटना का कारण बनने से चूकने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। जबकि देखा जावे तो इस पुल से जहां प्रतिदिन अधिकारियों से लेकर जिम्मेदारों को निकलते हुये देखा जाता है जो अपने वाहनों से इन गड्ढो के बीच से सावधानी पूर्वक निकलकर चले जाते है।

असुरक्षित स्टेशन पर बढ़ी समस्याएं, देर रात तक रहता है असामाजिक तत्वों का बोलबाला

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। आये दिन जिस प्रकार से रेल पुलिस द्वारा चोरों व लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले वाहरी आरोपियों को पकड़ते हुए जिस प्रकार से अखबरों की सुर्खियों में छाने का प्रयास किया जाता है। मगर रेल पुलिस की इस सफलता पर प्रश्न चिन्ह उस समय देखने से नही बच पाता है जब नगर की रेल्वे स्टेशन पर फैली हुई अव्यवस्थाओं के बीच रेल यात्रियों को दहशत में देखा जाता है। ज्ञात हो कि यहां के रेल्वे स्टेशन से शहर सहित दो से अधिक विकास खंडों के दायरे में आने वाले लगभग 200 गांवों से से लेकर दूसरे यानि की रायसेन जिले के यात्री भी यही से रेल यात्रा करने के लिए पहुंचते है। इस प्रकार से सैंकड़ों यात्री प्रतिदिन अपने कारोबार के सिलसिले में जबलपुर सहित अन्य स्थानों में अपडाऊन करते हैं। बावजूद इसके रेल यात्रियों को स्टेशन पर बहुत कम सुविधाएँ मिलते हुए देखी जा रही है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो इन रेल यात्रियों की सुरक्षा पूर्णरूप से भगवान भरोसे ही चल रही है। क्योंकि रेल्वे पुलिस प्रशासन द्वारा गंभीरता से ध्यान न देने की स्थिति में नगर के रेल्वे स्टेशन की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि रात के समय प्लेट फार्म पर खुलेआम आसामाजिक तत्वों को भ्रमण करते हुए देखा जाता है जो आये दिन रात के समय प्लेट फार्म पर बैठी हुई या फिर ट्रेनों का इंतजार करने वाले मुसाफिर खाने में सो रही महिलाओं के साथ अभद्रता करने से भी नही चूकते है। वही कभी कभी तो स्थिति इस प्रकार से भी देखी जाती है कि चंद मिनिटों के अंदर रेल यात्रियों का समान पार होने से भी नही चूकता है। इस प्रकार से रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पूर्णरूप से भगवान भरोसे होने के कारण रेल यात्री लगातार दहशत में दिखाई दे रहे है। वही बताया जाता है कि अप और डाऊन प्लेट फार्मों की बाउन्ड्री बाल टूटने से स्टेशन पर असामाजिक तत्वों की कारगुजारियाँ के चलते रात के समय महिलाओं का यहां पर रूक पाना मुश्किल जान पड़ रहा है वे अपने आप को असुरक्षा का भी अहसास करते हुए देखी जा रही है। यदि रेल पुलिस की बात की जावे तो कभी काल ही यहां पर आन डियूटी पुलिस कर्मी नजर आते है? यह बात जरूर है कि रेल पुलिस कर्मी आन डियूटी के प्लेट लगाकर स्टेशन की जगह शहर की गलियों में जरूर नजर आते है, जिसके चलते रेल डियूटी चार्ट में तो रेलवे स्टेशन की सुरक्षा दिखाई देती है मगर हकीकत कुछ और ही बनी हुई है।

नगर की बेटी पावनी व मानवी करेगी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में संभाग का प्रतिनिधित्व



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। निश्चित तौर से जब नगर हो या फिर क्षेत्र का कोई बेटा या बेटी बडी मंच पर पहुंचकर प्रदर्शन करते है तो नगर का नाम रोशन होने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार से नगर के दो बेटिया पावनी व मानवी खेल के क्षेत्र में नगर का गौरव बढ़ाने से नही चूक रही है। बताया जाता है कि प्रदेश के विदिशा में होने वाली 70 वी शालेय राज्य स्तरीय व्हालीबॉल एवं मलखम्ब प्रतियोगिता के लिए नगर के पीएमश्री शासकीय कन्या नवीन विद्यालय गाडरवारा की 2 छात्राओं में पावनी व मानवी का चयन हुआ है। आयोजित होने वाले विद्यालय से व्हालीबॉल के आयोजन हेतु अंडर 17 बालिका वर्ग मे पावनी कहार एवं 14 वर्ष बालिका वर्ग मलखम्ब हेतु मानवी जाटव का चयन जबलपुर संभाग के दल मे हुआ है। इस उपलब्धि पर संस्था प्राचार्य सतीश नाईक और पीटीआई विक्रम शर्मा सहित स्कूल स्टॉफ जाहिर करते हुये दोनों छात्राओं को खेल की दुनियों में उज्जबल भविष्य की कामना की गई है। ज्ञात हो कि उक्त राज्य स्तरीय शालेय व्हालीबॉल एवं मलखम्ब प्रतियोगिता आज 6 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक विदिशा में आयोजित होगी जिसमें यह दोनों छात्राये शामिल होकर नगर का गौरव बढ़ाने से नही चूकेगी। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है जिस तरह से क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के प्रयासों से बीते हुये दो सालों के दौरान नगर में राष्ट्रीय के खेलों का आयोजन संपन्न कराये जाने का परिणाम है कि हमारे नगर क्षेत्र में किशोर किशोरियों सहित युवाओं में अनेक प्रकार के खेलों के प्रति रूझाने बढ़ते हुये दिखाई देना शुरू हो चुके है और इसी का परिणाम है कि हमारे नगर से अच्छे खिलाड़ी निकलकर सामने आकर नगर का गौरव बढ़ाने से नही चूक रहे है।

सिलसिला के तहत उर्दू शेरो-अदब में राष्ट्रीय चेतना' पर हुआ विमर्श



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद संस्कृति विभाग के तत्वावधान में जिला अदब गोशा की ओर से 'सिलसिला व तलाश-ए-जौहर' के तहत नगर के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सभागा में बीते हुये दिवस साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। उर्दू शेरो-अदब में राष्ट्रीय चेतना विषय पर विमर्श के साथ क्षेत्रीय साहित्यकारों एवं शायरों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की गई। गोष्ठी की सदारत डॉ इंदू शाह रहबर ने की गई और मुख्य अतिथि थे असलम माजिद तथा विशिष्ट अतिथि रहे प्रिंसिपल सतीश नाईक ,रंगकर्मी जगदीश नेमा और इजहार जबलपुरी। मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने अपने संदेश में कहा कि गाडरवारा जैसे साहित्यप्रेमी अंचल में उर्दू भाषा और साहित्य का कार्यक्रम आयोजित होना तथा स्थानीय साहित्य प्रेमियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता प्रसन्नता का विषय है। 'सिलसिला' के माध्यम से अकादमी का उद्देश्य विभिन्न अंचलों के रचनाकारों को मंच देने के साथ साहित्य के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक समरसता और साझा सांस्कृतिक मूल्यों पर संवाद को बढ़ावा देना है। जिला समन्वयक अनीस शाह ने कहा कि गाडरवारा अंचल साहित्यिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध हैं। 'सिलसिला' के माध्यम से स्थानीय रचनाकारों को अपनी रचनाएं प्रस्तुत करने का अवसर मिलना क्षेत्र के साहित्य प्रेमियों के लिए उत्साह का विषय है। मुख्य वक्ता अजय तुलसी ने कहा कि उर्दू साहित्य ने सदैव देश, मानवता, प्रेम और राष्ट्रीय एकता के भावों को स्वर दिया है और आज भी राष्ट्रीय चेतना के निर्माण में प्रभावी भूमिका निभा सकता है। इस अवसर पर पेश गए कलाम से अनीस शाह अनीस ने हम तो पत्थर में भी अपना ढूंढ लेते हैं ख़ुदा क्यों हमें इंसान में इंसां नज़र आता नहीं, असलम माजिद जबलपुरी ने जो अपने आप से ख़ुश हैं मुहब्बत सबसे करते हैं ख़फ़ा जो ख़ुद से होते हैं वो नफ़रत सबसे करते है,इंदू शाह रहबर ने यूं उछालो न खुराफात के पत्थर लोगो जद में आये न कहीं आपका भी सर लोगो इज़हार जबलपुरी ने दिल ये कहता है के दिल कर दूँ हवाले तेरे, पर ये टूटेगा नहीं इसकी ज़मानत क्या है। वही अरविंद सिंह कल्प ने शर्मिंदगी नहीं है अदब से झुके हैं हम, फलदार जब से हो गए तब से झुके हैं हम,धर्मेंद्र आज़ाद ने वो ग़ुलाब है कि बबूल है, ये तो सोचना भी फ़ुज़ूल है,कि तमाम ऐबों के बाद भी वो क़ुबूल है तो क़ुबूल है। वहीं ज्योति श्रीवास्तव ने बचा लेगा वो तिनके के सहारे- ख़ुदा पर इतना इत्मीनान रखना,ग़फ़्फ़ार भारती वो रहमत हैं, वो बरकत हैं हमारे घर की ज़ीनत हैं। अगर बेटी न हो घर में तो घर अच्छा नहीं लगता..। वही योगेन्द्र सिंह 'योगी'ने तुम आईने में ही बस ताकते रहो सूरत, मैं अपने ऐब गरेबां में झाँक लेता हूँ। इसी प्रकार से लखन डेहरिया ने अगर वालत को वालत भी न बोल पाएं हम-क़लम को तोड़ दें, कठपुतलियां नचाएं, डॉ. ए. के. सोनी 'मौलिक' ने ये ज़िंदगी का सफ़र कितने रूप है इसके , हर एक रूप में कितना जुदा-जुदा हूँ मैं, ख़लील करेलवी ने बुलंद होते हैं उनके ही सर जमाने में,अदब की राह में जो सर झुका के चलते हैं। इसी प्रकार से गौरव सिंह ने मैं हर इक मुफ़लिस के भी काम आ जाऊँ,सोच समझ कर ख़ुद को सस्ता रक्खा है । ब्रज बिहारी ने इश्क़ करना है तो रूह तक आइए जिस्म तक ही ठहरने से क्या फायदा, सचिन नेमा ने मुहब्बत से परहेज़ तुमको अगर है अधूरी रहेगी इबादत तुम्हारी, पोसराज मेहरा ने वो बहुत उलझे हुए निकले सभी,लग रहे थे लोग जो आसान से की शानदार प्रस्तुति दी गई ।

खबर संक्षेप

कल्याणिका महाविद्यालय में लगा जन स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

अमरकंटक। जनसेवा और स्वस्थ समाज की संकल्पना को साकार करने की दिशा में सरकार द्वारा संचालित 'जन सेवा अभियान' के अंतर्गत शनिवार, 5 सितंबर को कल्याणिका महाविद्यालय, अमरकंटक में एक दिवसीय जन स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा समय रहते सामान्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराना रहा। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अमरकंटक से डॉ. शशांक परस्ते एवं डॉ. रानू सारीवान अपनी आठ सदस्यीय मेडिकल टीम के साथ उपस्थित रहे। चिकित्सकीय दल द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी लेते हुए चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को उनकी दिनचर्या, खान-पान एवं स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न सावधानियों के संबंध में उपयोगी परामर्श प्रदान किया। शिविर में डॉ. आशुतोष पाठक ने भी अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए विद्यार्थियों का गहन स्वास्थ्य परीक्षण किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवश्यकता के अनुसार उन्हें चिकित्सकीय परामर्श देते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

जैतहरी की माटी से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे एसपी राठौर

अनूपपुर। जैतहरी की माटी में जन्मे और पले-बढ़े एसपी राठौर ने राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अनूपपुर जिले का नाम रोशन किया है। देश के प्रमुख जलविद्युत सार्वजनिक उपक्रम राष्ट्रीय जलविद्युत निगम (एनएचपीसी) में उन्हें कार्यपालक निदेशक के महत्वपूर्ण पद पर पदोन्नति मिली है। उनकी पदोन्नति 1 अक्टूबर से प्रभावी हुई है। छोटे नगर जैतहरी से निकलकर देश के प्रतिष्ठित सार्वजनिक उपक्रम के शीर्ष प्रबंधन तक पहुंचना राठौर परिवार के साथ-साथ पूरे अनूपपुर अंचल के लिए गौरव का विषय है। उनकी इस उपलब्धि के बाद क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। परिजनों, मित्रों, सहकर्मियों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

अनिल कुमार गुप्ता ने दी बधाई

एसपी राठौर की पदोन्नति पर पूर्व विंध्य विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जैतहरी जैसे छोटे नगर से निकलकर राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित सार्वजनिक उपक्रम में कार्यपालक निदेशक जैसे महत्वपूर्ण पद तक पहुंचना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। गुप्ता ने राठौर के सफल कार्यकाल, उज्ज्वल भविष्य और नई जिम्मेदारियों में बेहतर नेतृत्व की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल एक परिवार की सफलता नहीं, बल्कि पूरे अनूपपुर अंचल के लिए गौरव का क्षण है। राठौर की सफलता क्षेत्र के युवाओं को बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।\

सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

अनूपपुर। संस्कार विधि महाविद्यालय, अनूपपुर में सोमवार 5 अक्टूबर को राज्य सरकार द्वारा संचालित 'सेवा संकल्प अभियान 2026' के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' थीम पर एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ के स्वास्थ्य की जांच करने के साथ ही महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, पोषण तथा एनीमिया को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अनूपपुर के डॉ. सुमित रंजन, सीएचओ शशिकला राठौर एवं संध्या पद्म तथा आशा कार्यकर्ता राजी प्रजापति सहित मेडिकल टीम मौजूद रही। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यकतानुसार चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया।

पात्र हितग्राहियों को मौके पर मिले योजनाओं का लाभ

50 से 100 दिवस पुरानी शिकायतों के निराकरण में तेजी के निर्देश

डिंडौरी।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ दिव्यांशु चौधरी, अपर कलेक्टर जेपी यादव, डीएफओ श्री अशोक सोलंकी, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में कलेक्टर ने विभागवार लंबित प्रकरणों और शासन की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने तथा लंबित मामलों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने जिले में व्यापक स्वच्छता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान महज औपचारिकता बनकर न रह जाए, बल्कि अधिकारी-कर्मचारी स्वयं इसमें सक्रिय भागीदारी निभाएं। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी बढ़ाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं।



सीएम हेल्पलाइन की विभागवार लंबित शिकायतों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने 50 से 100 दिवस पुरानी शिकायतों के लंबित रहने पर नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को ऐसी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि प्रत्येक लंबित शिकायत की नियमित समीक्षा की जाए और आवश्यकता अनुसार शिकायतकर्ता से समन्वय स्थापित कर उसकी संतुष्टि के साथ प्रकरण का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। आमजन की शिकायतों के निराकरण में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी विभागों को लंबित शिकायतों के शत-प्रतिशत निराकरण के साथ विभागीय प्रगति में स्पष्ट सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण समय पर निपटाएं

कलेक्टर ने लंबित पेंशन प्रकरणों की भी विभागवार समीक्षा की। उन्होंने विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं की समय रहते जांच कर आवश्यक कार्रवाई पूरी कर ली जाए, ताकि सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारियों को अपने भुगतान एवं स्वत्वों के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता के साथ पेंशन प्रकरणों का निराकरण करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि आज हम जिन कर्मचारियों के प्रकरणों का निराकरण कर रहे हैं, भविष्य में हम भी सेवानिवृत्त होंगे। इसलिए कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के समय किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसे अधिकारी गंभीरता से सुनिश्चित करें।

नल-जल योजनाओं में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

पीएचई विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने नल-जल योजनाओं के हैंडओवर की स्थिति पर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना का कार्य पूरी तरह पूर्ण होने और संबंधित घरों तक पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित होने के बाद ही योजना का हैंडओवर लिया जाए।उन्होंने बिना कार्य पूर्ण किए गए हैंडओवर प्रकरणों की जांच कर पंचनामा तैयार करने और तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि कार्य में लापरवाही अथवा नियमों की अनदेखी पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।कलेक्टर ने विकासखंडों एवं नगरीय क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित कर पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड तथा समग्र ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से जोड़ा जाए और उन्हें आवश्यक सुविधाओं एवं योजनाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध कराया जाए।

कोदो-कुटकी और खरीफ पंजीयन में किसानों को न हो परेशानी

बैठक में कोदो-कुटकी एवं खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए किसानों के पंजीयन की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को पंजीयन प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंजीयन के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और सभी पात्र किसानों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए।बैठक के अंत में कलेक्टर ने सभी विभागों को समय-सीमा बैठक में दिए गए निर्देशों का गंभीरता से पालन करने तथा निर्धारित समय में कार्रवाई पूरी कर प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए।

जिला अस्पताल में क्लेफ्ट स्क्रीनिंग शिविर, 8 बच्चों का हुआ चयन

डिंडौरी।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडेय के मार्गदर्शन में सोमवार को जिला चिकित्सालय डिंडौरी में एक दिवसीय निःशुल्क क्लेफ्ट स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन स्माइल ट्रेन इंडिया एवं जबलपुर के दुबे सर्जिकल एंड डेंटल हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया।शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कटे-फटे होंठ एवं तालू की समस्या से पीड़ित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जबलपुर से आए विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. के.के. पटेल ने बच्चों की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। जांच के दौरान इस समस्या से पीड़ित 8 नए बच्चों का चयन किया गया।चयनित बच्चों को आगामी उपचार एवं सर्जरी के लिए जबलपुर स्थित दुबे सर्जिकल एंड डेंटल हॉस्पिटल भेजा जाएगा। यहां स्माइल ट्रेन इंडिया के सहयोग से बच्चों की सर्जरी एवं आवश्यक उपचार निःशुल्क किया जाएगा।

आरबीएसके टीम ने बच्चों को पहुंचाया शिविर तक

जिले के विभिन्न विकासखंडों में कार्यरत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की टीमों ने बच्चों को चिन्हित कर जिला अस्पताल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में बच्चों के अभिभावकों को पोषण, खान-पान एवं उपचार के साथ-साथ स्पीच थेरेपी से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं परामर्श भी दिया गया।स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से जरूरतमंद बच्चों को समय पर विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। साथ ही निःशुल्क सर्जरी के माध्यम से बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य और सामान्य जीवन की ओर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।शिविर में डीपीएम विक्रम सिंह ठाकुर, आरबीएसके कोऑर्डिनेटर ओमप्रकाश उरैती, डीईआईएम कमलेश रामटेके सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। एएनएम हुलसी मरकाम, एएनएम कविता पटेल सहित संबंधित स्वास्थ्य कर्मचारियों ने शिविर के आयोजन में सहयोग किया।





वीरभूमि से भोपाल पहुंचेगी पवित्र माटी, 55 जिलों में रोपे जाएंगे संकल्प वृक्ष

डिंडौरी। प्रदेश के 55 जिलों की वीरभूमि से एकत्रित की जा रही पवित्र माटी से भोपाल स्थित शौर्य स्मारक में 55 संकल्प वृक्ष रोपे जाएंगे। इसी क्रम में सोमवार को डिंडौरी जिले में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के समाधि स्थल से विधिवत पवित्र माटी का संग्रहण किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ तहसीलदार श्री ब्रजभान सिंह मार्को ने वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की समाधि पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने वीरभूमि से मिट्टी संग्रहित कर उसे सुरक्षित पैकेट में रखा। एनसीसी कैडेट्स ने संग्रहित माटी का पैकेट तहसीलदार श्री ब्रजभान सिंह मार्को को सौंपा। इसके पश्चात तहसीलदार श्री मार्को एवं पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अल्का विश्वकर्मा ने पवित्र माटी का पैकेट 4 एमपी सीटीआर यूनिट से आए नायब सूबेदार श्री गणेश गिते को विधिवत हस्तांतरित किया। इस अवसर पर वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को नमन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में देशप्रेम, राष्ट्रसेवा और वीरों के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय एवं उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी के एनसीसी प्रभारी और कैडेट्स सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन की पहल के अंतर्गत प्रदेश के सभी 55 जिलों से वीरभूमियों की पवित्र माटी एकत्रित की जा रही है। इन जिलों से संग्रहित माटी का उपयोग भोपाल स्थित शौर्य स्मारक में 55 संकल्प वृक्षों के रोपण में किया जाएगा।यह पहल प्रदेश के वीरों के शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति की स्मृतियों को सम्मान देने के साथ ही नई पीढ़ी में देशभक्ति, राष्ट्रसेवा और अपने वीर नायकों के प्रति गौरव की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश देगी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन एवं गोद भराई कार्यक्रम आयोजित

शहपुरा - सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 में संकल्प सेवा अभियान एवं आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती माता पूजा बनवासी की पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ गोद भराई की रस्म संपन्न कराई गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद सुरेंद्र साहू के साथ पार्षद देवेंद्र वनवासी, समाजसेवी राकेश अग्रवाल, गिरजा कारपेंटर, सुपरवाइजर प्रतिभा साहू सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनीता साहू, लता साहू, राजकुमारी रजक, सहायिका सत्या वनवासी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपस्थित हितग्राहियों को लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं गर्भवती माताओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, स्वास्थ्य देखभाल, नियमित जांच तथा गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में आवश्यक जानकारी और सुझाव दिए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना रहा।



कलेक्टर से मिला प्रतिनिधिमंडल, जनहित में रखीं 7 सूत्रीय मांगें

डिण्डौरी।

नगर की विभिन्न जनसमस्याओं एवं आगामी नवरात्रि-दशहरा पर्व को लेकर भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष कान्हा शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर 7 सूत्री मांगों का पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने नगर की स्वच्छता, सार्वजनिक सुविधाओं, सड़कों, बाजार व्यवस्था एवं धार्मिक स्थलों से जुड़े विभिन्न विषयों को प्रमुखता से प्रशासन के समक्ष रखा।प्रतिनिधिमंडल ने वार्ड क्रमांक 04 में सब्जी बाजार के साथ संचालित मीट मार्केट को अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने तथा नवरात्रि पर्व के दौरान इसे बंद रखने, इंदिरा मार्केट, डीडी मार्केट एवं कंपनी चौक जैसे प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था करने की मांग रखी।

इसी क्रम में कंपनी चौक स्थित हनुमान मंदिर के समीप तालाब के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण, सीवर लाइन के कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों का समुचित पुनर्स्थापन तथा सार्वजनिक सड़कों की अनधिकृत तोड़फोड़ एवं अतिक्रमण पर कार्रवाई की मांग की गई। वहीं बस स्टैंड स्थित काली मंदिर के आसपास संचालित मीट, मुर्गा एवं अंडा बाजार को हटाने तथा नगर क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई की मांग भी रखी गई।प्रतिनिधिमंडल ने नर्मदा मंदिर रोड से फिल्टर प्लांट को जोड़ने वाली जर्जर सड़क को दशहरा पर्व के पूर्व दुरुस्त कराने तथा प्रमुख मार्गों के डिवाइडरों एवं सड़क किनारे लगे पेड़ों की साफ-सफाई, छंटाई एवं सौंदर्यीकरण कराने की मांग की।इसके अलावा गणेश विसर्जन के दौरान बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन में आई कठिनाइयों का उल्लेख करते हुए आगामी धार्मिक आयोजनों में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति रोकने के लिए क्रेन, पाइप, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की पूर्व व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई।प्रतिनिधिमंडल द्वारा रखी गई मांगों को जिला कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए एसडीएम को संबंधित विभागों से समन्वय कर प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।इस दौरान विवेक परासर, रितेश ठाकुर, किशोर परासर, आयुष ठाकुर एवं संजय धारवे सहित अन्य उपस्थित रहे।



शहपुरा तहसील के बाबू का सरकारी क्वार्टर में मिला शव



शहपुरा।

शहपुरा तहसील कार्यालय में पदस्थ बाबू पुरुषोत्तम परस्ते का सोमवार को लोकसेवा केंद्र के पास स्थित सरकारी क्वार्टर में शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही शहपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू की।बताया गया कि पुरुषोत्तम परस्ते तहसील कार्यालय में बाबू के पद पर पदस्थ थे और उन्हें सरकारी आवास आवंटित था। आवास में उनका शव मिलने की जानकारी सामने आने के बाद तहसील कार्यालय सहित क्षेत्र में शोक का माहौल है।सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने पंचनामा सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों एवं परिचितों से भी पूछताछ की जा रही है।फिलहाल पुलिस ने मौत के कारणों को लेकर कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं दिया है। घटनास्थल से मिले साक्ष्यों, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पूछताछ के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अमरपुर। शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता, वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया और लोगों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का संदेश दिया। इसके साथ ही परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। विद्यार्थियों को लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण के लिए भी प्रेरित किया गया।

जल संरक्षण को लेकर विद्यार्थियों ने 'जल है तो कल है' का संदेश देते हुए पानी की प्रत्येक बूंद बचाने, वर्षा जल के संरक्षण तथा जल स्रोतों को स्वच्छ और सुरक्षित रखने की अपील की। पोस्टर, नारों एवं जनजागरूकता संदेशों के माध्यम से विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आशीष कुमार मरावी ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान तक सीमित न रहकर जीवनशैली का हिस्सा बननी चाहिए। एक पौधा लगाना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहला कदम है, जबकि जल की बचत आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है।कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों ने 'स्वच्छ परिसर, हरित परिसर और सुरक्षित जल—हम सबका संकल्प' के साथ स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ से राम कुमार टेकाम, आशीष कुमार मरावी, डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. निगहत खान तथा कर्मचारीगण समीर धुर्वे, ओमकार वाटिया, ऋचा जंघेला, सुमनला मरावी, कांति धुर्वे, आरती मरावी, सूरजवती, खुशी व्याम एवं कौशलेंद्र पाल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



फार्मर रजिस्ट्री, आधार-खसरा लिंकिंग और सीमांकन प्रकरणों की हुई समीक्षा

डिंडौरी। तहसील कार्यालय शहपुरा में सोमवार को एसडीएम फरहान इरफान जमादार की अध्यक्षता में साप्ताहिक राजस्व समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व विभाग के विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए एसडीएम ने लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में भू-अर्जन प्रकरण, फार्मर रजिस्ट्री पंजीयन, आधार-खसरा लिंकिंग, भू-राजस्व वसूली तथा राजस्व न्यायालय में लंबित नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा की गई। एसडीएम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लंबित मामलों में प्राथमिकता के साथ कार्रवाई करते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।उन्होंने स्वामित्व योजना के पंजीयन एवं निष्पादन की प्रगति की भी समीक्षा की। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत ई-केवाईसी, एलआर लिंक एवं सेल्फ रजिस्ट्रेशन से संबंधित सत्यापन प्रकरणों में भी तेजी लाने को कहा।एसडीएम ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचना चाहिए। इसके लिए मैदानी अमला अपने स्तर पर लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करे और प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब न हो।बैठक में राजस्व वसूली, सीएम हेल्पलाइन तथा जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की भी समीक्षा की गई। एसडीएम ने राजस्व संबंधी शिकायतों एवं आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने तथा लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में तहसीलदार शहपुरा आर.पी. मार्को सहित सभी राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी उपस्थित रहे।



हरिभूमि

नर्मदा भूमि

10

जबलपुर, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल

सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का समय-सीमा में करें निराकरण: कलेक्टर

राशन वितरण केंद्रों पर पंजी संधारण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम मॉनिट, सीएस मॉनिट, गुड़ भट्टियों, राशन वितरण, निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं वनाधिकार पट्टों, विभिन्न अभियानों सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों के त्वरित निराकरण और शासन की योजनाओं एवं निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित शिकायतों का समय-सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए तथा संबंधित अधिकारी प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करें।



राशन वितरण केन्द्रों की समीक्षा

बैठक में जिले में संचालित गुड़ भट्टियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने संबंधित अधिकारियों को जिले में संचालित गुड़ भट्टियों का निरीक्षण कर चिमनियों की निर्धारित ऊंचाई की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यकतानुसार नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने राशन वितरण केन्द्रों की समीक्षा करते हुए वहां आवश्यक पंजी एवं अभिलेखों का व्यवस्थित रूप से संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को राशन वितरण व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा हितग्राहियों को सुचारू रूप से राशन उपलब्ध कराने के लिए कहा।

निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जिले में निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केन्द्रों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केन्द्रों को मार्च 2027 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। बैठक में वनाधिकार पट्टों से संबंधित प्राप्त दावे एवं आपत्तियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने प्राप्त दावे-आपत्तियों का नियमानुसार परीक्षण एवं निराकरण करने तथा पात्र हितग्राहियों को शासन के प्रावधानों के अनुरूप लाभ दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिले में संचालित सेवा संकल्प अभियान, सेवा सेतु अभियान- सरकार आपके द्वार एवं जन विश्वास अभियान की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियानों के दौरान प्राप्त आवेदन पत्रों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा पात्र नागरिकों को शासन की विभिन्न सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए।

कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा

उन्होंने कहा कि इन अभियानों का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान करते हुए उन्हें शासन की सेवाओं से सहज रूप से जोड़ना है। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने सेवा ज्योति कार्यक्रम की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि आगामी 7 अक्टूबर को प्रातः 9.30 बजे स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्बोधन प्रसारित किया जाएगा। इसमें विभिन्न विभागों की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राही शामिल होंगे। कलेक्टर ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर हितग्राहियों की बैठक व्यवस्था, आवश्यक सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

हिमांशु शास्त्रीय गायन में प्रथम



नरसिंहपुर। सरस्वती शिक्षा परिषद जबलपुर के मार्गदर्शन में गोटेगांव में आयोजित प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर के प्रतिभावान विद्यार्थी हिमांशु श्रीवास्तव ने किशोर वर्ग शास्त्रीय गायन में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रांत एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया है उक्त वर्ग की क्षेत्रीय प्रतियोगिता 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक अशोकनगर में आयोजित होने जा रही है हिमांशु की सफलता पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष निरंजन सिंह पटेल ,व्यवस्थापक धर्मेंद्र सिंह ममार प्रबंध समिति के अन्य पदाधिकारी गण संस्था प्राचार्य ओम शरण कोरी, प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर राजेंद्र पटेल संगीत आचार्य राम शंकर पटेल एवं अन्य आचार्य ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

मंडल के सामने कचरा और झूठा खाना फेंके जाने की भी शिकायत

नरसिंहपुर। गत दिवस नगर के शिवाजी वार्ड स्थित मेन रोड के नवयुवक काली मंडल के सदस्यों ने कोतवाली थाने में एक युवक के खिलाफ आवेदन दिया है। इसमें मंडल सदस्यों ने नवरात्रि की तैयारियों के दौरान आसपास रहने वाले युवक ऋषि जैन और उनके परिवार पर परेशान करने, गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। उन्होंने मंडल के सामने कचरा और झूठा खाना फेंके जाने की भी शिकायत की है। आवेदन के मुताबिक, काली मंडल की ओर से पिछले करीब 25 वर्षों से इसी स्थान पर धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। मंडल सदस्यों का आरोप है कि ऋषि जैन और उनके परिवार की ओर से मंडल के सामने कचरा और खराब खाद्य सामग्री फेंकी जाती है। इसके अलावा गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किए जाने की भी शिकायत की गई है। मंडल सदस्यों ने आरोप लगाया कि उन्हें झूठे मामले में फंसाने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां दी जा रही हैं। मंडल के अनुसार, इससे सदस्यों में भय और तनाव की स्थिति बनी हुई है।

चोरी की सामग्री सहित आरोपी गिरफ्तार

नरसिंहपुर। गत दिवस कोतवाली पुलिस ने सूने मकानों में चोरी करने वाले एक आरोपी को सोमवार में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उससे सोने-चांदी के जेवर, लैपटॉप, मोबाइल फोन और नकदी समेत करीब 4.25 लाख रुपए का सामान बरामद किया। आरोपी की पहचान खमरिया निवासी 41 साल के प्रहलाद प्रजापति के रूप में हुई है। दो चोरी की वारदातों का खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार, एक शिकायतकर्ता ने 16 सितंबर को गया जाने के बाद 3 अक्टूबर को घर लौटने पर लैपटॉप और मोबाइल गायब पाए। दूसरी शिकायत धनारे कॉलोनी निवासी 72 साल की विमलेश सराठे ने की, जिनके घर से 21 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच जेवर और नकदी चोरी हुई थी। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से सोमवार को प्रहलाद प्रजापति को पकड़ा। पूछताछ में उसने दोनों चोरी कबूल कीं। उसकी निशानदेही पर मोबाइल, लैपटॉप, सोने-चांदी के जेवर और 3 हजार रुपए नकद बरामद हुए हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश किया जा रहा है।



सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता पोषण, एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम

नरसिंहपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल खापा शेढ़ में स्वच्छता अभियान एवं पोषण-एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम प्राचार्य एस के बक्शी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ द्वारा विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। परिसर की साफ-सफाई की गई तथा विद्यार्थियों को विद्यालय एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। स्वच्छता अभियान के दौरान विद्यार्थियों को नियमित रूप से हाथ धोने, स्वच्छ पेयजल का उपयोग करने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने तथा व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के महत्व की जानकारी दी गई। इसके साथ ही पोषण एवं एनीमिया जागरूकता के अंतर्गत विद्यार्थियों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया गया। हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें, चना, गुड़, अंकुरित अनाज, मौसमी फल एवं आयरन युक्त खाद्य पदार्थ भोजन में शामिल करने आदि की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को एनीमिया के कारण, लक्षण एवं खान-पान की आदत एवं एनीमिया से बचाव के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। कार्यक्रम में विद्यालय स्टॉफ में कुबेर सिंह पटेल, भूपेन्द्र पटेल ओंकार गोस्वामी, गेन्दालाल काछी, प्रशांत सिंगोतिया,आकांक्षा राजोरिया आदि आशा कार्यकर्ता त्रिवेणी यादव एवं विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

एनसीसी संकल्प वृक्ष माटी एकत्रीकरण कार्यक्रम सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस 1 एमपी बटालियन एनसीसी जबलपुर के कमान अधिकारी कर्नल नितिन शर्मा के निर्देशानुसार एनसीसी संकल्प वृक्ष माटी एकत्रीकरण कार्यक्रम का आयोजन नरसिंहपुर जिले के एम आई एम टी कॉलेज नरसिंहपुर, पीएम श्री एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर एवं गवर्नमेंट एक्सीलेंस हायर सेकेंडरी स्कूल नरसिंहपुर के संयुक्त तत्वाधान में नरसिंहपुर के पवित्र एवं ऐतिहासिक नरसिंह मंदिर स्थित प्रांगण में नरसिंह तालाब की माटी का पूजन अर्चन कर एकत्रीकरण किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन द्वारा मध्य प्रदेश के 55 जिलों की पवित्र माटी के माध्यम से भोपाल शोर्य स्मारक में 55 पेड़ों का रोपण आगामी समय में किया जाएगा। एनसीसी के उक्त कार्यक्रम में जिला एवं पुलिस प्रशासन का प्रतिनिधित्व करते हुए एसडीएम नरसिंहपुर महेंद्र पटेल, डीएसपी संधीर चैधरी, एम आई एम टी के चेयरमैन इंजी. रुद्रेश तिवारी, प्राचार्य एक्सीलेंस कॉलेज नरसिंहपुर डॉ. आर,.बी .सिंह, प्राचार्य एक्सीलेंस स्कूल नरसिंहपुर राजीव किशोर श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ पत्रकार नीलेश जाट सहित गणमान्य जन एवं एनसीसी कैडेट्स की उपस्थिति में किया गया। अतिथियों ने प्रकृति संरक्षण तथा संकल्प वृक्ष के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन मेजर डॉ. पराग नेमा तथा आभार लेफ्टि. डॉ. राजेश ठाकुर द्वारा किया गया स इस अवसर पर लेफ्टि.जितेंद्र कुमार मिश्रा फर्स्ट ऑफिसर ए.आर. राव 1 एमपी बटालियन एनसीसी जबलपुर के नायक सूबेदार अशोक यादव तथा नायक कुलवीर सिंह सहित सीनियर डिवीजन ,सीनियर विंग एवं जूनियर डिवीजन के एनसीसी कैडेट्स की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन एनसीसी सॉन्ग से किया गया।



सेवा संकल्प अभियान के तहत अनाथ आश्रम पहुंचे श्री पटेल



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक एवं समाजसेवी श्रीमती सुमनलता पटेल ने रेवा नगर स्थित रामराजा अनाथ आश्रम पहुंचकर वहां निवासरत बच्चों से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों का कुशलक्षेम जाना और उनके साथ समय बिताकर उनकी आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली आश्रम पहुंचने पर अतिथियों ने बच्चों से उनकी पढ़ाई, दैनिक दिनचर्या और अन्य आवश्यकताओं को लेकर बातचीत की। उन्होंने बच्चों के साथ कुछ समय बिताया तथा उनके बीच अपनत्व और सहयोग की भावना के साथ संवाद किया। इस अवसर पर बच्चों को आवश्यक सामग्री भी भेंट की गई पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों तक सहयोग और संवेदना पहुंचाना है। हमारा संकल्प है कि समाज के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक सहयोग और अपनत्व पहुंचे। सेवा, समर्पण और संवेदना के इसी भाव के साथ जनसेवा के कार्य निरंतर जारी रहेंगे उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्ग के बच्चों की आवश्यकताओं को समझना और उनके साथ समय बिताना सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि इस दौरान आश्रम के बच्चों में भी उत्साह नजर आया कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने बच्चों के साथ आत्मीयता से संवाद किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सेवा संकल्प अभियान के तहत इस प्रकार के सेवा कार्यों को आगे भी निरंतर जारी रखने की बात कही।



खाना कम पड़ने पर बैंक गार्ड ने टिफिन संचालक पर चलाई गोली

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। बीती रात करीब 9 बजे एसबीआई की एसीबी शाखा में टिफिन कम आने को लेकर विवाद हो गया। बैंक शाखा में फर्नीचर का काम चल रहा था। टिफिन सेंटर संचालक विपिन नेमा अपने दो बच्चों के साथ मजदूरों और गार्ड के लिए टिफिन लेकर पहुंचे थे। एक टिफिन कम आने पर गार्ड राजकुमार नाराज हो गया। इसी बात को लेकर उसकी विपिन नेमा से बहस शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर गार्ड ने अपनी बंदूक उठाकर फायरिंग कर दी। अचानक गोली चलने से बैंक में मौजूद लोग घबरा गए और छिपकर अपनी जान बचाई। फायरिंग की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गार्ड को पकड़ लिया और उसकी बंदूक जब्त कर ली। आरोपी से कोतवाली थाने में पूछताछ की जा रही है। पुलिस फायरिंग के कारणों की जांच कर रही है। घटना के समय बैंक में मौजूद लोगों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि फायरिंग किस परिस्थिति में हुई। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया।

नरसिंहपुर जिले को है मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज की दरकार



तेंदूखेड़ा। माँ नर्मदा की पावन धरा और प्रदेश के सबसे उर्वरा कृषि अंचलों में शुमार नरसिंहपुर जिला विकास के अहम मोड़ पर खड़ा है। उत्तम कृषि उत्पादन सुदृढ़ यातायात व्यवस्था के साथ जिले ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। लेकिन उच्च तकनीकी शिक्षा और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की जब बात आती है तो अपने आप को काफी पीछे और उपेक्षित खड़ा पाते हैं। जिस जिले ने प्रदेश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में निरंतर योगदान दिया वह उच्च शिक्षण और आधुनिक स्वास्थ्य संस्थानों के मामले में अब तक उपेक्षित क्यों ?जिले की विभिन्न तहसीलों के हजारों की संख्या में छात्र छात्राएं बाहर महानगरों में रहकर मेडीकल कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज में दाखिला लेकर प्रति वर्ष लाखों रुपए खर्च करके शिक्षा ग्रहण करने के लिए मजबूर बनें हुए हैं। क्या यह स्थिति इस जिले को नसीब नहीं हो सकती।जिले के सर्वांगीण विकास के लिए अब शासकीय मेडिकल कॉलेज और शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना केवल एक प्रशासनिक मांग नहीं बल्कि हमारी अनिवार्य आवश्यकता बन चुकी है। स्वास्थ्य व्यवस्था का यथार्थ और चुनौती वर्तमान में हमारे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था प्राथमिक और माध्यमिक स्तर तक ही सीमित है। जब भी किसी परिवार पर कोई गंभीर स्वास्थ्य संकट आता है या कोई गंभीर सड़क दुर्घटना होती है तो चिकित्सकों के पास मरीज को जबलपुर भोपाल नागपुर रेफर करने के अलावा कोई विकल्प नहीं रह जाता है।100 से 150 किलो मीटर का यह सफर कई बार जीवन और मृत्यु के बीच की चुनौती बन जाता है। यदि जिले को एक मेडिकल कॉलेज और उससे संबद्ध मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल की सौगात मिलती है तो न केवल नरसिंहपुर बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के निर्धन व सामान्य परिवारों को अपने ही जिले में आधुनिक व निःशुल्क इलाज सुलभ हो सकेगा।

प्रतिभाओं का पलायन और आर्थिक बोझ - दूसरा विषय हमारी युवा पीढ़ी से जुड़ा है। नरसिंहपुर की मिट्टी ने हमेशा मेधावी प्रतिभाएं दी हैं। परंतु 12वीं के बाद इंजीनियरिंग बी.ई. बी.टेक. और मेडिकल एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई के लिए छात्रों को महानगरों का रुख करना पड़ता है। हर किसान या मध्यम वर्गीय परिवार इंदौर भोपाल सागर या कोटा पुणे का भारी भरकम खर्च वहन करने में सक्षम नहीं होता। परिणाम स्वरूप कई होनहार बच्चे अपनी क्षमता के अनुरूप आगे नहीं बढ़ पाते हैं। यदि तकनीकी और चिकित्सा शिक्षा के शासकीय संस्थान स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हों तो हमारे युवाओं को अपने ही गृह जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी और क्षेत्र में बौद्धिक व शैक्षणिक वातावरण तैयार होगा।आज की स्थिति में केवल तेंदूखेड़ा क्षेत्र के हजारों बच्चे बाहर महानगरों में रहकर शिक्षा ग्रहण करने के लिए मजबूर बनें हुए हैं तो पूरे जिले की स्थिति क्या होगी।संसाधनों की कोई कमी नहीं

प्रशासनिक दृष्टि से देखें तो नरसिंहपुर इसके लिए सर्वथा उपयुक्त है। दो दो राष्ट्रीय राजमार्ग उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर प्रमुख रेलमार्ग और पर्याप्त शासकीय भूमि की उपलब्धता इसे एक आदर्श केंद्र बनाती है। संस्थानों के निर्माण और संचालन के लिए आवश्यक आधार भूत ढांचा पहले से ही अनुकूल है।प्रदेश सरकार लगातार हर जिले में उच्च शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य के विजन पर काम कर रही है। जिले के जागरूक नागरिकों किसानों और युवाओं की ओर से एक मांग काफी लंबे समय से चली आ रही है जिले की इस जायज आवश्यकता को प्राथमिकता दी जाए।

इनका कहना है

तेंदूखेड़ा क्षेत्र के होनहार शिक्षित स्वयं बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा का बीजारोपण करने वाले मलखान सिंह पटेल का कहना है कि जिले को मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज की महती आवश्यकता है। तथा क्षेत्र के भविष्य में किया गया सबसे बड़ा निवेश साबित होगा। जिले में दो दो मंत्री हैं। विधायक हैं प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकारें हैं फिर भी हम मुंह तांके तो आश्चर्य लगता है सभी जनप्रतिनिधि सामाजिक संगठन और प्रशासन के अधिकारी मिलकर इस संकल्प को धरातल पर उतारें ताकि हमारे बच्चों को डॉक्टर इंजीनियर बनने और आम जन को स्वस्थ जीवन जीने के लिए दूसरों का मुंह न ताकना पड़े।

नए मतदाताओं के नाम जोड़ने चल रहा अभियान, बीएलओ कर रहे घर-घर संपर्क

करेली।

निर्वाचन आयोग के निर्देशन में मतदाता सूची (विशेष अभियान) के तहत जिन परिवारों में बच्चों की उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है ऐसे बच्चों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने का काम पांच से 10 अक्टूबर तक किया जाना है। साथ ही जिस परिवार में नई बहुएं आई है उनके नाम भी मतदाता सूची में जोडा जाना है।संदीपनि स्कूल के सभागार में बनाए गए केंद्र में वार्डवासी अपने परिजनों के जरूरी दस्तावेज जमा कर नाम जुड़वा सकते है ।योगेंद्र प्रताप रघुवंशी, गौतम रजक ने बताया कि नये मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए घर घर संपर्क किया जा रहा है। इस प्रक्रिया मैं जो



जरूरी दस्तावेज लगेंगे उनमें बालक, बालिकाओं की फोटो, दसवीं की अंकसूची, आधार कार्ड, पिता के वोटर आईडी, बिजली बिल सभी की फोटोकाफी शामिल है।मतदान केंद्र पर बीएलओ शंकर ठाकुर, ब्रजेश जाटव, शकुंतला सोनी, रंजना जाट, संध्या दुबे उपस्थित थी।